# स्टेट ऑफ द राइनो, 2023

## प्रलिम्सि के लयि:

राइनो के प्रकार, वशि्व गैंडा दविस, गैंडे की स्थिति रिपोर्ट

## मेन्स के लयि:


वन्यजीवों के संरक्षण का प्रयास

[स्रोत: डाउन टू अर्थ](#)

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में [इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन (IRF)](#) ने **स्टेट ऑफ द राइनो, 2023** रिपोर्ट **प्रकाशित की, जो अफ्रीका और एशिया में पाँच जीवित गैंडा प्रजातियों के वर्तमान जनसंख्या अनुमान एवं रुझान का दस्तावेज़ीकरण करती है।**

- गैंडे की सभी पाँच प्रजातियों और उन्हें बचाने के लिये किये जा रहे कार्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रत्येक वर्ष 22 सतिंबर को [वशि्व गैंडा दविस](#) मनाया जाता है।
- इसकी घोषणा पहली बार [वशि्व वन्यजीव कोष (WWF)](#)- दक्षणि अफ्रीका द्वारा वर्ष 2010 में की गई थी।




## रपिोर्ट के मुख्य बदिु:

- **प्रमुख खतरे:**
    - **अवैध शकिार, आवास स्थान की हानि:** अवैध शकिार अभी भी स**भी पाँच गैंडों की प्रजातियों** के लिये खतरा है और कई क्षेत्रों में यह बढ़

गया है जिन्हें पहले लक्षित नहीं किया गया था।
        - **दक्षिण अफ्रीका** अपने सफेद गैंडों के **अवैध शिकार से होने वाली विनाशकारी क्षति से** जूझ रहा है।
        - लगातार अवैध शिकार के दबाव के बावजूद **काले गैंडों** की आबादी बढ़ रही है।
    - **जलवायु परिवर्तन:**
        - **अफ्रीका में**, **जलवायु परिवर्तन**-प्रेरित **सूखा** असंख्य हानिकारक प्रभाव उत्पन्न कर रहा है।
        - **एशिया में** नाटकीय रूप से वर्षा में वृद्धि और लंबी **मानसून** अवधि के कारण प्रत्यक्ष तौर पर अधिक गैंडों एवं मनुष्यों की मृत्यु हो सकती है।
        - **मौसम की बदलती परिस्थितियों** और परिदृश्यों में भी **आक्रामक पौधों की प्रजातियों** में वृद्धि हो सकती है, जो देशी गैंडे के भोजन के आवश्यक पौधों को खत्म कर सकती है या उनके सामान्य निवास स्थान के हानि का कारण बन सकती है।
- **गैंडों की स्थिति:**
    - **जावा राइनो/गैंडे:** शेष बचे लगभग 76 जावा राइनो में से 12 की स्थिति और ठिकाना **अज्ञात** है।
    - **सुमात्रन राइनो/गैंडे:** सुमात्रन राइनो के चिह्नों को **ढूँढना कठिन होता जा रहा है**, जिससे वन में उनकी आबादी के विषय में अधिक अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो रही है।
    - **व्हाइट राइनो/गैंडे: "विश्व के सबसे बड़े राइनो फार्म"** के 2,000 व्हाइट राइनो को पूरे अफ्रीका के जंगलों में छोड़ा जाएगा।
- **बेहतर स्थिति वाले क्षेत्र (Bright Spots):**
    - बेहतर संरक्षण के परिणामस्वरूप **भारत और नेपाल में एक सींग वाले गैंडों** की आबादी में लगातार वृद्धि हो रही है।
    - पिछले कुछ दशकों में अवैध शिकार के कारण भारी नुकसान के बावजूद **अफ्रीका में काले गैंडों** की मज़बूत वापसी से इनकी दर में वृद्धि हो रही है।
    - सही हस्तक्षेप के साथ सभी पाँच गैंडों की प्रजातियाँ हमारे बदलते विश्व में फिर से उभर सकती हैं और बढ़ सकती हैं।
- **सिफारिशें:**
    - **अवैध शिकार, आवास संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी, क्षमता निर्माण,** मांग में कमी, समर्थन और वन्यजीव तस्करी व्यवधान को संबोधित कर गैंडों की सुरक्षा के लिये एक समग्र रणनीति लागू करना।

# गैंडा RHINOCEROS

**विश्व गैंडा दिवस- 22 सितंबर (2010 में WWF द्वारा घोषित)**

**गैंडे की 5 मुख्य प्रजातियाँ**

| प्रजातियाँ | क्षेत्र, जहाँ पाए जाते हैं | IUCN की रेड लिस्ट में स्थिति | आवास |
|---|---|---|---|
| अफ्रीकन व्हाइट | अफ्रीका | संकट के निकट | लंबी और छोटी घास वाले सवाना क्षेत्र |
| अफ्रीकन ब्लैक | अफ्रीका | गंभीर रूप से संकटग्रस्त | अर्ध-रेगिस्तानी सवाना |
| एक सींग वाले गैंडे | एशिया | सुभेद्य | उष्णकटिबंधीय घास के मैदान |
| जावा | एशिया | गंभीर रूप से संकटग्रस्त। | उष्णकटिबंधीय, उपोष्णकटिबंधीय वन |
| सुमात्रा | एशिया | गंभीर रूप से संकटग्रस्त। | सवाना की तरह ही |

**उजुंग कुलोन नेशनल पार्क (यूनेस्को WHS)**
**पृथ्वी पर अंतिम शेष जंगली जावा राइनो का घर है**

## एक सींग वाले गैंडे

केवल भारत में पाई जाने वाली प्रजाति (इंडियन राइनो)

### विशेषताएँ

- 5 प्रजातियों में से सबसे बड़ी प्रजाति
- एक काली सींग और त्वचा की सिलवटों के साथ एक भूरे रंग की खाल से पहचाना जाता है

### खतरे

- सींगों के लिये अवैध शिकार
- आवास की क्षति
- आनुवंशिक विविधता में कमी

### संरक्षित क्षेत्र (भारत)

- **उत्तरप्रदेश :**
  - दुधवा टाइगर रिज़र्व
- **पश्चिम बंगाल :**
  - जलदापारा राष्ट्रीय उद्यान
  - गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान
- **असम:**
  - पबितोरा वन्यजीव अभ्यारण्य
  - ओरंग राष्ट्रीय उद्यान
  - काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान(गैंडों की अधिकतम संख्या: ~2400)
  - मानस राष्ट्रीय उद्यान

### संरक्षण प्रयास (भारत)

- राष्ट्रीय राइनो संरक्षण रणनीति
- इंडियन राइनो विजन 2020 (2005 में लॉन्च)

**एशियाई गैंडों पर नई दिल्ली घोषणा 2019**
5 राइनो रेंज के 5 देशों (भारत, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया और मलेशिया) द्वारा हस्ताक्षरित

दृष्टि The Vision
Drishti IAS

## भारत द्वारा संरक्षण प्रयास:

- **स्थानांतरण:** वर्ष 2023 की शुरुआत में **मानस राष्ट्रीय उद्यान** में गैंडों के स्थानांतरण को वर्ष 2024 के लिये पुनर्निर्धारित किया गया था, जबकि जनवरी में एक अवैध गैंडे की खोज के बाद सुरक्षा उपायों को मज़बूत किया गया था।
- **राइनो कॉरिडोर: वर्ष** 2022 में असम सरकार ने उत्तर-मध्य असम में **ओरंग राष्ट्रीय उद्यान** में लगभग 200 वर्ग किमी. क्षेत्र जोड़ने को अंतिम रूप दिया, जो इस संरक्षित क्षेत्र और प्रमुख गैंडा आवास के आकार के दोगुना से भी अधिक है।
  - इस अतिरिक्त भूमि के साथ ओरंग राष्ट्रीय उद्यान अब पूर्व में **बुरहाचपोरी वन्यजीव अभयारण्य** से जुड़ गया है, जिससे असम में राइनो वाले सभी संरक्षित क्षेत्रों के बीच जुड़े एक गलियारे का निर्माण पूरा हो गया है, ये हैं:**मानस राष्ट्रीय उद्यान**, **पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य**, **ओरंग राष्ट्रीय उद्यान, लाओखोवा और बुरहाचपोरी वन्यजीव अभयारण्य** और **काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान**।
- एशियाई राइनो पर नई दिल्ली घोषणा: **भारत, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया और मलेशिया ने राइनो प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किये हैं।**
- **सभी राइनो का DNA प्रोफाइल:** यह परियोजना अवैध **शिकार को रोकने** और राइनो से जुड़े वन्यजीव अपराधों में सबूत इकट्ठा करने में मदद करेगी।
- **राष्ट्रीय राइनो संरक्षण रणनीति:** इसे एक सींग वाले गैंडे के संरक्षण के लिये वर्ष 2019 में शुरू किया गया था।
- **इंडियन राइनो विज़न 2020:** यह वर्ष 2020 तक भारतीय राज्य असम के सात संरक्षित क्षेत्रों में विस्तृत कम-से-कम 3,000 से अधिक एक सींग वाले राइनो की संख्या में वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक महत्त्वाकांक्षी प्रयास था।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)**

1. एशियाई शेर प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
2. दो-कूबड़ वाला ऊँट प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
3. एक-सींग वाला गैंडा प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-of-the-rhino,-2023